# ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग से लोग परेशान

**चेतावनी**

नेता प्रतिपक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी। **संवाददाता**

शहर के गौलापार में बने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कूड़े के ढेर में बीते कई दिनों से आग धधक रही है। जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। वहीं कूड़े में आग लगने से शहर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने कहा कि सरकार और नगर निगम जल्द ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग को बुझाए को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड की व्यवस्था ठीक नहीं की गई तो कांग्रेस जन आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे**

ट्रेंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था की जानी थी, जिसके लिए 35 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। जिसमें करीब 9 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृति भी हो चुके हैं। लेकिन नगर निगम ने इन पैसों को कूड़ा निस्तारण में न लगाकर नगर निगम के अन्य मदों में खर्च किया है। साथ ही उन्होंने सरकार और नगर निगम को चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों को जहरीले धुंए से जल्द निजात नहीं दिलाई गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने के लिए विवश होंगे।

गौलापार ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में लगी आग अभी तक धधक रही है।

वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों में खासा रोष है। वहीं नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने कहा है कि गौलापार बने ट्रेंचिंग ग्राउंड में हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन किया गया है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी सरकार और नगर निगम नियमों का पालन नहीं कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि दिल्ली के तरह हल्द्वानी को दूषित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौलापार में बने ट्रेंचिंग ग्राउंड हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन कर बनाया गया है।

# तुलाज के बच्चों ने किया पाइफोर्ड टेक्नोलॉजी का औद्योगिक दौरा




तुलाज के छात्र पाइफोर्ड टेक्नोलॉजी के औद्योगिक दौरे के दौरान।

**संवाददाता** देहरादून। तुलाज इंस्टिट्यूट ने छात्रों के लिए पाइफोर्ड टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़ में औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। औद्योगिक दौरा को टीईक्यूआईपी और उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित किया गया। दौरे के दौरान, ट्रेनरस ने पहले छात्रों के साथ बातचीत कर उनके साथ भविष्य के सामान्य पहलुओं और करियर योजना के बारे में चर्चा करी। बाद में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गुणवत्ता आश्वासन पर कुछ तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए। चार संकाय सदस्यों के साथ कुल 48 छात्रों ने इस औद्योगिक दौरे में भाग लिया।



## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सरकारी भूमि बेचने के आरोपों से बरी हुए बेनाम

## छवि खराब करने वाले पत्रकारों के खिलाफ करेंगे मानहानि

**दावा**

**संवाददाता**

पौड़ी। नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम को सरकारी भूमि बेचने के आरोपों से जिला प्रशासन ने बरी कर दिया है। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर इस तरह की अफवाह फैलाने और उनकी छवि खराब करने वाले पत्रकारों के खिलाफ मानहानि का दावा करने की बात कही है। नगर पालिका अध्यक्ष पर आरोप था कि उन्होंने पालिका की सरकारी भूमि को अपने फायदे के लिए बेच दिया है। जिसके बाद अपर जिलाधिकारी पौड़ी ने मामले का संज्ञान लेते हुए नगरपालिका को 15 दिन के भीतर जवाब देने को कहा था।

पालिका की ओर से जवाब में पूरे दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। जिसमें पालिका को जमीन बेचने में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई और उन्हें इस मामले में क्लीन चिट दे दी है। जानकारी के अनुसार साल 2000 में राज्यपाल की ओर से नगर पालिका को एक पत्र प्राप्त हुआ था। जिसमें लिखा गया था कि जमीन नगरपालिका को फ्री होल्ड की जाती है और बाल्मीकि समाज के लोग जो लंबे समय से यहां रह रहे हैं। उन्हें यह जमीन सर्किल रेट के अनुसार दी जाए। उस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष की फोटो रजिस्ट्री कॉपी में लगाई गई। वर्तमान में वह नगर पालिका अध्यक्ष भी हैं। मामले में कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इस खबर को तेजी से फैलाया कि नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम की ओर से सरकारी भूमि को अपने फायदे के लिए औने–पौने दाम पर बेच दिया गया है। लेकिन जांच के बाद स्पष्ट हो गया कि बाल्मीकि समाज के लोगों को नगरपालिका की ओर से सर्किट रेट के अनुसार ही भूमि दी गई है। उसका सारा पैसा नगर पालिका में जमा कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम का कहना है कि वह तीसरी बार लगातार नगर पालिका अध्यक्ष बने हैं। उनके विकास कार्यों को देखकर ही जनता उन पर विश्वास करती है। उन्होंने बताया कि कुछ पत्रकार उनकी छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। वह प्रदेश के तमाम मंत्रियों और मुख्यमंत्री तक इस बात को ले जाएंगे। साथ ही अपने अधिवक्ता से मिलकर मानहानि का दावा न्यायालय में पेश करेंगे, ताकि इन लोगों की वजह से दूसरों का नाम खराब न हो।



यशपाल बेनाम।

वहीं अपर जिलाधिकारी पौड़ी एसके बर्नवाल ने कहा कि प्रकरण की जांच के बाद पाया गया कि नगर पालिका की ओर से बेची गई जमीन पालिका के कर्मचारियों को ही बेची गई। यह जमीन पूर्व में उनके लिए फ्री होल्ड की गई थी. इसके लिए पालिका बोर्ड ने उन्हें इस भूमि को बेचने के लिए अधिकृत किया था। इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई।

## न्यूज डायरी

### कोटद्वार के बेस अस्पताल में जन औषधि केंद्र बंद होने के कगार पर

**(संवाददाता)** देहरादून। हर जरूरतमंद को दवा उपलब्ध करवाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना गढ़वाल के द्वार कोटद्वार में टूटता नजर आ रहा है। बाजार से 70 फीसदी तक कम कीमत पर दवाइयां मुहैया कराने के लिए अस्पताल में खुला जन औषधि केंद्र बंदी के कगार पर पहुंच गया है क्योंकि यहां चार–पांच लोग ही दवा लेने आते हैं। यह हाल तब है जब बेस अस्पताल कोटद्वार में हर दिन 1200 से ज्यादा लोग ओपीडी में आते हैं। जन औषधि केंद्र के फार्मासिस्ट आशीष रावत कहते हैं कि मरीजों के न आने की वजह से जन औषधि केंद्र अपने खर्च तक नहीं निकाल पा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत, राजमिस्त्री घायल

**(संवाददाता)** काशीपुर। उधमसिंहनगर में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला काशीपुर का है। जहां विपरीत दिशा से आ रहे टैम्पो ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनका हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। मृतक अंकित यूपी के मुरादाबाद के फसियापुरा गांव का रहने वाला है और काशीपुर में अपने दोस्त राजपाल के साथ राजमिस्त्री का काम करता था। अंकित के पिता की एक साल पहले मृत्यु हो चुकी है। जिस कारण घर के भरण–पोषण का जिम्मा उसके कंधे पर आ गई थी। बीते सोमवार को अंकित अपने राजमिस्त्री दोस्त के साथ बाइक से मजदूरी करने जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे टैम्पो ने दोनों बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अंकित की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रूड़की में घर पर सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

**(संवाददाता)** रुड़की। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मन्ना खेड़ी गांव में घेर के बाहर सो रहे किरताब सिंह नामक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिजनों और गांव में अफरा–तफरी मच गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में एसपी देहात नवनीत सिंह का कहना है कि मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# दूसरी तिमाही परिणामों में हडको की आशातीत वृद्धि

**संवाददाता**

देहरादून। हडको ने 13 नवंबर 2019 को हुई अपनी 616वीं बैठक में दूसरी तिमाही के परिणामों को अनुमोदन दिया। हडको ने अपने परिणामों में शुद्ध लाभ, कुल आय, शुद्ध कारोबार, संवितरण और तुलन पत्र इत्यादि जैसे एमओयू लक्ष्यों के सभी वित्तीय मापदंडो में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की है। कंपनी का सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए दोनों वित्तीय क्षेत्र की सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों में सबसे कम है।

डॉ.एम रविकांत, विगत पांच वर्षों से हडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक है और उन्होंने सरकारी कंपनी के लिए अपेक्षित कार्य–अनुशासन और तत्परता पर ध्यान देते हुए हडको की प्रगति और विकास के लिए उत्कृष्ट परिणामों को हासिल किया है। 2017 में कंपनी की इक्विटी का 10 प्रतिशत विनिवेश किया गया और सेबी नियमों के अनुसार शेष 15 प्रतिशत विनिवेश 2020 से पहले किया जाएगा। हडको ने अपने शुद्ध लाभ (कर उपरांत लाभ) में वित्तीय वर्ष 2019–20 की प्रथम तिमाही में कमाए गए 335.68 करोड़ रूपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 की दूसरी तिमाही (तिमाही आधार पर) में 725.84 करोड़ रूपये का अब तक का सर्वोच्च लाभ कमाते हुए 216 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। छमाही आधार पर वित्तीय वर्ष 2018–19 में 30.09.18 तक के 615.52 करोड़ रूपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 में 30.09.2019 तक का शुद्ध लाभ 1061.52 करोड़ रूपये के साथ 72 प्रतिशत अधिक है। कुल आय में वित्तीय वर्ष 2019–20 की प्रथम तिमाही में अर्जित किए गए 1816.19 करोड़ रूपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 की दूसरी तिमाही (तिमाही आधार पर) में 2053.79 करोड़ रूपये का अब तक की सर्वोच्च आय अर्जित करते हुए 1.13 गुना की वृद्धि दर्ज की है।

> शुद्ध एनपीए दोनों वित्तीय क्षेत्र की सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों में सबसे कम

हडको के शुद्ध कारोबार में 31 मार्च, 2019 तक किये गए 10,956 करोड़ रुपए के कारोबार की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 में 30 सितंबर तक 11980.14 करोड़ रुपए का कारोबार करते हुए 10 प्रतिशत की वृद्धि की है।

वर्ष 2014 में डॉ. रविकांत के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार सँभालने के बाद से गैर निष्पादित परिसंपत्तियों में एक भी रुपया नहीं बढ़ा है। यह सब राज्य सरकारों को सजग और नीतिगत रूप से ऋण देने के कारण हो पाया है।

# परिवहन निगम की बस में परिचालक की दबंगई

**संवाददाता** कोटद्वार। पहाड़ी क्षेत्रों से नियमित कॉलेज आने वाली छात्राएं परिवहन निगम की बस से ही कोटद्वार महाविद्यालय पहुंचती हैं। लेकिन छात्राओं ने परिवहन निगम की बसों के परिचालकों पर दबंगई का आरोप लगाया है। साथ ही छात्राओं का आरोप है कि उन पर फब्तियां कसते हैं। वहीं परिवहन निगम के परिचालकों द्वारा उन्हें कहा जाता है कि तुम फ्री में आते हो, इसलिए बस में नहीं बैठाया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, कोटद्वार महाविद्यालय में पढ़ने वाली पहाड़ी क्षेत्रों की छात्राएं रोजाना की तरह कोटद्वार डिपो से चलने वाली कोटद्वार–लैंसडौन बस में सवार हुई। तभी बस के परिचालक ने उन छात्राओं को ये कहकर नीचे उतार दिया कि तुम फ्री में आती–जाती हो और बस में अभी जगह नहीं है। जबकि छात्राओं के पास कोटद्वार डिपो कार्यालय से बना हुआ पास था। पीड़ित छात्राओं ने मामले की शिकायत उत्तराखंड परिवहन निगम के कोटद्वार डिपो के एआरएम टीकाराम आदित्य से की है। छात्राओं ने आरोपी परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।